उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर

//ज्ञापन//

क्रमांक C12627 /   जबलपुर, दिनांक 24/05/2019

प्रति,

प्रिंसिपल रजिस्ट्रार
उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश,
खण्डपीठ ग्वालियर,
नवीन उच्च न्यायालय भवन,
सिटी सेंटर ग्वालियर (म.प्र.)

विषय :— श्री महफूज अहमद, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ ग्वालियर में संलग्न का आवेदन पत्र संलग्न अवधि में वृद्धि किये जाने बावत्।

****

उपरोक्त विषयान्तर्गत सूचित किया जाता है कि आपकी स्थापना पर संलग्न श्री महफूज अहमद, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र दिनांक 10.05.2019 "जिसमें उन्होने उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ ग्वालियर की स्थापना में संलग्न अवधि में वृद्धि किये जाने का अनुरोध किया है" को माननीय मुख्य न्यायाधिपति महोदय द्वारा औचित्यहीन मानते हुये श्री महफूज अहमद को खण्डपीठ इंदौर की स्थापना पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने हेतु आदेशित किया गया है।

अतः अनुरोध है कि श्री महफूज अहमद, असिस्टेंट रजिस्ट्रार को कार्यभार मुक्त कर उन्हें उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर की स्थापना पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

23/05/19
(सनत कुमार कश्यप)
O/C रजिस्ट्रार (कार्य एवं अधोसंरचना)

पृष्ठांकन क्रमांक C12628 /   जबलपुर, दिनांक 24 /05/2019

प्रतिलिपि

1. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर की ओर उनके ज्ञापन क्र. प्रशा./532–ए/पी.एफ./964, इंदौर दिनांक 14.05.2019 के संदर्भ में सूचनार्थ अग्रेषित।
2. श्री महफूज अहमद, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर वर्तमान में खण्डपीठ ग्वालियर की स्थापना में संलग्न की ओर उनके आवेदन पत्र 10.05.2019 के संबंध में इस निर्देश के साथ कि वे तत्काल उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश खण्डपीठ इंदौर की स्थापना पर कार्यभार ग्रहण करें।

23/05/19
(सनत कुमार कश्यप)
O/C रजिस्ट्रार (कार्य एवं अधोसंरचना)